## बेटे ने की पिता की हत्या, भाई के साथ शव ठिकाने लगाया

### मां-पत्नी को पीटने और बच्चे को उठाकर फेंकने का मामला

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जरहा तिराहे से महज 100 मीटर दूर घुलघुली रोड स्थित सुखनारा पुल के पास झाड़ियों के बीच एक शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर नौरोजाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त में जुट गई। शव की हालत अत्यधिक खराब होने के कारण पहचान करना मुश्किल हो रहा था, क्योंकि वह कंकाल में परिवर्तित हो चुका था। काफी प्रयासों के बाद शव की पहचान रायसेन सिंह गोंड (44) निवासी बुढ़ान के रूप में हुई।

घटनास्थल की स्थिति और शव की दशा को देखते हुए पुलिस को प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका हुई। जांच के दौरान पुलिस ने मृतक के बड़े पुत्र मुनेश्वर सिंह (21) को शक के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। शुरू में वह पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करता रहा, लेकिन कड़ी पूछताछ के बाद उसने अपना अपराध कबूल कर लिया।

पुलिस को दिए गए बयान में आरोपी मुनेश्वर सिंह ने बताया कि घटना 1 मार्च 2025 की रात की है। उसका पिता रायसेन सिंह शराब के नशे में धुत



होकर घर आया और उसकी मां और पत्नी के साथ मारपीट करने लगा। जब मुनेश्वर बीच-बचाव करने आया, तो उसके पिता ने उससे भी हाथापाई शुरू कर दी।

इस पर विवाद इतना बढ़ा कि पिता ने उसके एक साल के बच्चे को उठाकर फेंक दिया। जिससे उसे गुस्सा आ गया। इसके बाद उसने डंडे से पिता को पीटना शुरू कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद अपने अपराध को छिपाने के लिए अरोपी मुनेश्वर ने अपने छोटे भाई के साथ मिलकर शव को ठिकाने लगाने की साजिश रची। दोनों भाइयों ने शव को बाइक पर रखा और सुखनारा पुल के पास झाड़ियों में फेंक दिया, ताकि किसी को संदेह न हो।

हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपी मुनेश्वर ने 6 मार्च को नौरोजाबाद थाने में अपने पिता की गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज करवाई। वह खुद ही अपने पिता की तलाश करने का नाटक करता रहा, ताकि किसी को उस पर शक न हो। हालांकि, पुलिस ने जांच शुरू की तो मामला संदिग्ध लगने लगा। पुलिस ने रायसेन सिंह के परिवार और पड़ोसियों से पूछताछ की तो कुछ विरोधाभासी बयान सामने आए, जिससे जांच की दिशा मुनेश्वर की ओर मुड़ गई। पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाने के बाद आरोपी मुनेश्वर सिंह और उसके नाबालिग भाई के खिलाफ बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## डिप्टी रेंजर को चार भाइयों ने मिल कर पीटा, भाग कर बचाई जान

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में वन कर्मियों पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। ताजा मामला ब्यौहारी थाना क्षेत्र का है, जहां वन भूमि में प्लांटेशन कार्य रोकने की कोशिश कर रहे लोगों ने डिप्टी रेंजर अशोक द्विवेदी पर हमला कर दिया। आरोपियों ने न केवल गाली-गलौज की, बल्कि लाठी-डंडों से मारपीट भी की। पुलिस ने पांच नामजद और अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, पोड़ी सर्किल के गोदवाल रेंज में वन विभाग द्वारा वन भूमि पर प्लांटेशन कार्य कराया जा रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने इस काम को रोकने का प्रयास किया, क्योंकि उन्होंने वन भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा था। मजदूरों ने इस घटना की सूचना डिप्टी रेंजर अशोक द्विवेदी को दी, जो तुरंत मौके पर पहुंचे और आरोपियों को समझाने की कोशिश की कि यह कार्य शासन द्वारा अधिकृत है और वन भूमि पर ही किया जा रहा है। डिप्टी रेंजर द्वारा समझाने के बावजूद आरोपी अपनी बात पर अड़े रहे और यह दावा किया कि भूमि पर उनका कब्जा है। विवाद बढ़ने पर



भैया लाल, दिनेश साकेत, मेघ साकेत, मुन्ना साकेत और श्यामलाल प्रजापति ने मिलकर डिप्टी रेंजर पर हमला कर दिया। उन्होंने लाठी-डंडों से उनकी पिटाई कर दी और गाली-गलौज भी की।

**मौके पर मची अफरा-तफरी**-घटना को देखकर मौके पर खड़े कुछ लोगों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तब जाकर डिप्टी रेंजर किसी तरह वहां से बचकर निकले और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पांच नामजद आरोपियों सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने और मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

### सार-समाचार

## हरिहर महराज की 21वी पुण्यतिथि पर धार्मिक का आयोजन



**बिरसिंहपुर पाली, देशबन्धु।** उमरिया जिले की धार्मिक नगरी बिरसिंहपुर पाली में आज हरिहर महराज जी की पुण्यतिथि धार्मिक उत्सव के रूप में मनायी गयी । हरिहर दरबार में आज सुबह से महराज जी की पुण्यतिथि हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने की धूम रही है।समर्थ गुरु हरिहर महराज की पुण्यतिथि मनाने के लिए उनके भक्त गण एक दिन पहले से ही पहुंच कर पूजा आराधना की तैयारी में जुटे हुए थे । आज प्रात: काल से ही हरिहर दरबार में महराज जी की पूजा आराधना करते हुए अभिषेक अनुष्ठान किया गया ।

तत्पश्चात् हरिहर महराज जी की पालकी यात्रा निकालते हुए भजन कीर्तन करते हुए यात्रा हरिहर दरबार से सांई मंदिर तक पहुंची जहां पर सांई बाबा की पूजा आराधना करते हुए प्रसाद वितरण सभी किया गया । वापस पालकी यात्रा हरिहर दरबार पहुंची जहां पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया था । अंत में सायंकालीन पूजन आरती और संध्या भजन कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम अपनी पूर्ण हुआ । हरिहर महराज जी के भक्त नागपुर से पधारे अनुप गुप्ता जी ने इस अवसर पर अश्रुपूरित नेत्रों से गुरू महिमा का बखान करते हुए कहा कि पाली नगरी बडभागी है जहां पर भगवद स्वरूप महराज जी भगवद लीन हुए हैं, दरबार की बडी महिमा है उनके आशीर्वाद का हमें सदैव भान होता रहता है । इस अवसर पर उनके भक्त अनुयायियों ने भारी तादाद में इस कार्यक्रम में भाग लेकर सफल बनाने में महती भूमिका निभाई ।

## छह वर्षीय भालू का शव मिला, आपसी संघर्ष में मरने का अंदेशा

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़, देशबन्धु। टाइगर रिजर्व में 6 साल के भालू का शव मिला है। घटना पतौर परिक्षेत्र के पनपता बीट के कक्ष नंबर आरएफ 416 की है।वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी नियमित गश्त के दौरान भालू के शव को देखा। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। टाइगर रिजर्व के अधिकारियों ने तुरंत शव को अपने कब्जे में ले लिया। डॉक्टरों ने शव का पोस्टमॉर्टम किया। प्रारंभिक जांच में भालू की मौत का कारण संघर्ष बताया गया है। मृत भालू की उम्र लगभग 6 वर्ष आंकी गई है।परिक्षेत्र अधिकारी अर्पित मैलार के अनुसार, पोस्टमॉर्टम के बाद भालू का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## निर्वाचक नामावली में आने वाली कठिनाइयों के संबंध में बैठक 17 को

**शहडोल, देशबन्धु।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग ने जानकारी दी है कि निर्वाचक नामावली एवं अन्य निर्वाचन संबंधी कार्यों के संबंध में होने वाली कठिनाई प्रक्रिया को बेहतर करने के सुझाव एवं अनिराकृत विषयों में समन्वय स्थापित करने हेतु 17 मार्च को प्रात़ है 10.30 बजे से कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी।

## होली का त्यौहार उत्साह, उमंग और भाईचारे के साथ मनाएं : कमिश्नर

### प्रकृति के संरक्षण के लिए ले संकल्प

**शहडोल, देशबन्धु।** कमिश्नर शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के नागरिकों को होलिका दहन एवं रंगो का पर्व होली की शुभकामनाएं दी।



उन्होंने शुभकामना संदेश में कहा कि होली का त्यौहार हम सबको भाईचारे एवं सौहार्द का संदेश देता है। साथ ही हमे प्रकृति के संरक्षण के लिए हरे भरे पेड़ों की सुरक्षा तथा रासायनिक रंगों का उपयोग नही करने का संकल्प लेना चाहिए।

कमिश्नर ने शहडोल संभाग के नागरिको से अपील करते हुए कहा कि ने होली का पर्व परंपरा के अनुरूप उत्साह एवं उमंग के साथ आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के वातावरण मे यह पर्व मनाए तथा अनजाने व्यक्तियों पर रंग गुलाल आदि नही डालने, नशों से दूर रहने तथा स्वयं, परिवार तथा समाज की सुरक्षा को ध्यान में रखकर ही होली का त्योहार मनाएं।

## छिंदवाड़ा-बैतूल मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसा, देवर-भाभी की मौके पर मौत

**छतरपुर, देशबन्धु।** गुरुवार दोपहर छिंदवाड़ा-बैतूल मार्ग पर खुनाझिर खुर्द के पास एक भीषण सड़क हादसे में स्कूटर सवार देवर-भाभी की दर्दनाक मौत हो गई। खेत से घर लौट रहे स्कूटर को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल पहुंचने से पहले ही डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, छिंदवाड़ा की ओर से तेज गति से आ रही कार ने स्कूटर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटर सवार दूर जाकर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस बुलाकर दोनों को जिला अस्पताल भेजा, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस हादसे में जान गंवाने वाले स्कूटर सवारों की पहचान सुखमन भलावी (55)



और नीता भलावी (62) के रूप में हुई है। दोनों बांडा बोह के निवासी थे और रिश्ते में देवर-भाभी थे। इस दुखद घटना से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरी- हादसे के बाद कार अनियंत्रित होकर रॉन्ग साइड में सड़क से नीचे उतर गई। बताया जा रहा है कि कार में सवार लोग इंदौर से छिंदवाड़ा लौट रहे थे। हादसे के तुरंत बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने किया मामला दर्ज- घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश जारी है। अधिकारियों के मुताबिक, यह हादसा तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण हुआ है।

परिवार में मातम, गांव में शोक- इस दुखद हादसे के बाद सुखमन और नीता भलावी के परिवार में मातम पसर गया है। गांव में भी शोक की लहर है। स्थानीय लोग प्रशासन से सड़क पर गति सीमा को नियंत्रित करने और लापरवाह वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## मरीजों के साथ मनाया विश्व किडनी दिवस



### सीएमएचओ ने स्वास्थ्य की ली जानकारी

**शहडोल, देशबन्धु।** विश्व किडनी दिवस के अवसर पर आज जिला चिकित्सालय शहडोल में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा की उपस्थिति में मरीजों के साथ केक काटकर विश्व किडनी दिवस मनाया गया। साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने डायलिसिस ले रहें मरीजों से स्वास्थ्य की जानकारी ली।

इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के डॉ. पुनीत श्रीवास्तव, सुश्री पूजा सोनी, डॉ. राजेश श्रीवास्तव उपस्थित थे। गौरतलब है कि 13 मार्च को विश्व किडनी दिवस हर साल मनाया जाता है। इसका उद्देश्य किडनी से संबंधित बीमारियों के बारे में जागरूकता फैलाना और उनके इलाज के प्रति समाज में समझ बढ़ाना है।

## बच्चों को निकटतम स्वास्थ्य केंद्र जाकर लगवाएं खसरे का टीका : सीएमएचओ

### 16 मार्च को मनाया जाएगा विश्व खसरा दिवस

**शहडोल, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने जानकारी दी है कि प्रत्येक वर्ष की भॉति 16 मार्च को विश्व खसरा दिवस मनाया जाएगा।



इसका उद्देश्य खसरे की गंभीरता को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाना और खसरे के खिलाफ वैश्विक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावको से अपील करते हुए कहा है कि अपने-अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर बच्चों को खसरा का टीका अवश्य लगवाए और अपने बच्चों को खसरा रोग से मुक्ति दिलाए। उन्होंने कहा कि खसरे का टीका लगवाने के लिए खुद जागरूक रहे तथा आसपास के लोगों को भी खसरा का टीका लगवाने के लिए प्रेरित करें जिससे भारत देश में खसरे रोग का उन्मूलन हो सकें।

## दो वाहनो से 149 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जैतहरी थाना एवं वेंकटनगर चौकी पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए दो कार से लगभग 149 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त करते हुए दो आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है। मामले में एक आरोपी चालक दुर्गेश देवानी उर्फ राजा पिता हरीश देवानी उम्र 28 वर्ष निवासी वार्ड 6 जैतहरी को गिरफ्तार किया गया है, वहीं एक आरोपी फरार है। जिसकी पुलिस पतासाजी में जुटी हुई है।



मामले की जानकारी के अनुसार 13 मार्च के रात लगभग 9 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि दुधमनिया, पगना, अनूपपुर तरफ से दो वाहनो में अंग्रेजी शराब को अवैध तरीके से लोड कर उसका परिवहन किया जा रहा है।

जिसकी सूचना मिलते ही जैतहरी एंव वेंकटनगर चौकी पुलिस द्वारा गोबरी रोड पर फारेस्ट कार्यालय के सामने नाकाबंदी की गई, जहां रात लगभग 9.40 बजे कार क्रमांक एमपी 65 जेडबी 4095 गोबरी की तरफ से आई जिसे रोककर उसकी तलाशी ली गई, तलाशी के दौरान कार के अंदर एवं डिक्की से अंग्रेजी शराब मात्रा 8.640 लीटर तथा बियर मात्रा 56.5 लीटर अनुमानित कीमती 24 हजार 180 रूपए तथा एक मोबाइल को जब्त करते हुए आरोपी चालक दुर्गेश देवानी उर्फ राजा को गिरफ्तार करते हुए उसके उसके खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

वहीं दूसरे मामले में रात लगभग 1.20 बजे दूसरी सूचना पर पुलिस ने गोबरी तरफ रवाना हुये, जहां रामानंद राठौर के घर के सामने कार क्रमांक एमपी 18 सी 3808 लावारिश हालत मे खड़ी मिली। उक्त कार की तलाशी लेने पर कार मे चाभी लगी हुई थी तथा कार की डिक्की में दो कार्टून में 48 पाव अंग्रेजी शराब मात्रा 17.28 लीटर, 12 बाटल कीमत 16740 रूपए चौथे कार्टून में 50 पाव देशी प्लेन शराब कुल कीमती 3500 रुपये तथा पांचवे कार्टून में बियर के 12 बाटल कुल कीमती 1800 रुपये मात्रा 7.8 लीटर, छठवें कार्टून मे 48 पाव अंग्रेजी शराब कुल कीमत 8160 रुपये, सातवें कार्टून में 48 पाव अंग्रेजती शराब 8 वें कार्टून में 24 केन बियर, 9वें कार्टून में 24 केन बियर पाई गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर उक्त शराब एवं बियर सहित कार को जप्त करते हुए अज्ञात कार चालक वा मालिक के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

## महिला कांग्रेस ने दुष्कर्म की घटना के विरोध में निकाला कैंडल मार्च, सरकार पर लगाए आरोप

**उमरिया, देशबन्धु।** भोपाल में आदिवासी युवती के साथ हुए दुष्कर्म और आरोपियों की गिरफ्तारी न होने के विरोध में महिला कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकालकर आक्रोश जताया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और सरकार पर सवाल उठाए।

महिला कांग्रेस ने आरोप लगाया कि अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, जिससे पुलिस कार्रवाई करने में असमर्थ है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। कैंडल मार्च का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व विधायक अजय सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि इतने गंभीर अपराध के बावजूद सरकार का रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा और अन्य नेताओं ने भी घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस इस मामले को सड़क से लेकर विधानसभा तक उठाएगी। प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ठाकुरदास सचदेव, त्रिभुवन प्रताप सिंह, अमृतलाल यादव, मयंक सिंह, रघुनाथ सोनी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा ब्लॉक अध्यक्ष शिशुपाल यादव, अशोक गौंटिया, सेवादल अध्यक्ष संतोष सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विजेंद्र सिंह अब्बू, महिला कांग्रेस की शकुंतला धुर्वे, अंजू सिंह, सावित्री सिंह, पार्षद रामायणवती कोल, सितारा बी, रेखा सिंह, उत्तरा लोधी सहित कई महिला कार्यकर्ताओं ने विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन में सेवादल यूथ विंग के जिलाध्यक्ष संदीप यादव, मुकेश प्रताप सिंह, विक्रम सिंह, अयाज खान, पी.एन. राव, ताजेंद्र सिंह, सोमचंद वर्मा, मनीष शर्मा, मंगल सिंह, किशोर सिंह, रमेश रिछारिया, शंकर सिंह, राजेंद्र महोबिया, रोहित तिवारी, आस्तिक रिछारिया, लक्ष्मी गुप्ता सहित कई कार्यकर्ताओं ने भी मार्च में भाग लिया।

## उमरिया में हर्बल गुलाल, पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण की नई पहल

**उमरिया, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के उमरिया जिले में इस बार होली का रंग हर्बल गुलाल की खुशबू से महकेगा। सरस्वती आजीविका स्व सहायता समूह की अध्यक्ष राधा सिंह और उनकी टीम ने मुदरिया गाँव में पलाश, गुलाब, गुड़हल और पालक से प्राकृतिक गुलाल तैयार किया है। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और लोगों को हानिकारक रसायनों से मुक्त, सुरक्षित गुलाल उपलब्ध कराना है। यह गुलाल पूरी तरह प्राकृतिक और त्वचा के लिए भी सुरक्षित है।

**कैसे आया हर्बल गुलाल बनाने का विचार ?**

समूह की अध्यक्ष राधा सिंह को यह विचार ग्राम नोडल अधिकारी ऋचा बिरथरे से मिला। उन्होंने सोशल मीडिया पर हर्बल गुलाल बनाने की विधि देखी और इसे समूह की महिलाओं तक पहुँचाया। इससे प्रेरित होकर महिलाओं ने इसे खुद तैयार करने का निर्णय लिया। कम लागत में बनने वाला यह गुलाल न केवल सुरक्षित है, बल्कि गाँव की महिलाओं के लिए अतिरिक्त आय का स्त्रोत भी बन सकता है। राधा सिंह ने बताया कि पारंपरिक रंगों में इस्तेमाल होने वाले रसायन त्वचा के लिए हानिकारक होते हैं और पर्यावरण को भी नुकसान पहुँचाते हैं। इसके विपरीत, हर्बल गुलाल पूरी तरह से प्राकृतिक अवयवों से बना होता है, जिससे एलर्जी या जलन की कोई संभावना नहीं रहती।

**स्व सहायता समूहों के लिए नया आय स्त्रोत**

जिला लघु उद्यमिता प्रबंधक महेन्द्र बारस्कर के अनुसार, हर्बल गुलाल लोगों को काफी पसंद आ रहा है और इसकी माँग भविष्य में और बढ़ सकती है। जिला परियोजना प्रबंधक चंद्रभान सिंह ने बताया कि अगले वर्ष से इसे स्थानीय हॉट बाजार और आजीविका मार्ट में बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।